एक नजर में

गुलावता में प्रतिभा सम्मान समारोह

पडाना 22 जुलाई, सं. ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु उच्च विद्या मंदिर गुलावता में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई .कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, प्रणव अक्षर और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में जिला समिति उपाध्यक्ष शिवकुमार थानवी, कोषाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश चंद्रवंशी, विद्यालय समिति संरक्षक जयराम देथलिया, प्राचार्य लक्ष्मीनारायण नागर, समिति अध्यक्ष नानूराम भैसानिया उपस्थित रहे. इस मौके पर पूर्व सैनिक अरविन्द चंद्रवंशी ने मेधावियों को नगद पुरस्कार दिए. उन्होंने कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं के टॉपर्स को 5100 रुपये और कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं के विद्यार्थियों को 2100 रुपये प्रदान किए. उन्होंने बच्चों से रोज श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने और भारतीय संस्कारों को अपनाने का आग्रह भी किया.

डॉ. लहरिया ने प्राचार्य पद संभाला

सुठालिया 22 जुलाई, सं. शासकीय महाविद्यालय में आज भावपूर्ण वातावरण में निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ. वीएस बैस का विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने डॉ. बैस के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं संस्थागत योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि डॉ. बैस के नेतृत्व में महाविद्यालय ने अनेक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियाँ प्राप्त की. इस अवसर पर डॉ. आनंद स्वरूप लहरिया ने शासकीय महाविद्यालय सुठालिया के प्राचार्य पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया. विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, रोजगारपरक गतिविधियों और महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। समारोह में महाविद्यालय से डॉ शमशाद बेग, डॉ दीपा चौरसिया, डॉ खालिद अल्ताफ शेख, डॉ मुकेश बंशीवाल, डॉ संतोष साहू, डॉ गिरवर सिंह पांडव, पूजा यादव, अनिरुद्ध सिंह कुशवाह, उमेश सेन, प्रवेश कुशवाह, दशरथ गुर्जर सहित समस्त अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया

राजगढ़ 21 जुलाई, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य द्वारा अपनी महाविद्यालयीन सेवा के 33 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में पांच पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर का संदेश दिया. उनके निर्देशन में जैविक खेती प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा के विद्यार्थियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया. विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया. प्रकृति एवं हरियाली के प्रति विशेष लगाव रखने वाले प्राचार्य ने राजगढ़ में पदस्थापना से पूर्व शासकीय महाविद्यालय जीरापुर के प्राचार्य के रूप में भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए.

पॉश इलाकों में 10 दिन से पाइप लाइन फूटी

जिला मुख्यालय के इंदिरा और फॉरेस्ट कॉलोनी में पेयजल संकट, 10 दिनों से खुदी पड़ी है पाइपलाइन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 22 जुलाई, का. नगर की इंदिरा कॉलोनी और फॉरेस्ट कॉलोनी में पेयजल पाइपलाइन में आई खराबी के कारण पिछले करीब 15 दिनों से पानी की सप्लाई ठप्प है. कॉलोनियों के दर्जनों परिवारों को पेयजल और दैनिक उपयोग के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

लोगों के अनुसार समस्या की शिकायत कई बार नगर पालिका प्रबंधन से की गई. शिकायत के बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पाइपलाइन की मरम्मत के लिए मुख्य मार्ग पर गड्ढा खोद दिया, लेकिन खराबी दूर किए बिना ही वापस लौट गए.

रहवासियों का कहना है कि गड्ढा खोदे करीब 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं हुई है. इसके चलते लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है और उन्हें निजी टैंकरों से पानी मंगवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.

खुला गड्ढा बना खतरा

पाइपलाइन सुधार कार्य के लिए करीब 10 दिन पहले मुख्य मार्ग पर खोदा गया गड्ढा अभी भी खुला पड़ा है. इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द गड्ढा नहीं भरा गया तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है. रहवासियों ने नगर पालिका से शीघ्र पाइपलाइन दुरुस्त कर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने तथा सड़क पर बने गड्ढे को भरने की मांग की है.

महिलाओं में नाराजगी

कॉलोनी की श्रीमती किरण राठौर, नीलू भीलाला, हेमलता नायर, मंजू राठौर, सिया पटेल, आकृति, उत्तरा नेटा एवं कमलेश पुष्पपद सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि पिछले 15 दिनों से पेयजल सप्लाई बंद होने के कारण उन्हें पीने के पानी और घरेलू कार्यों के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है. मजबूरी में निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है. उन्होंने जल्द से जल्द पाइपलाइन सुधारकर नियमित जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है.

इंदिरा कॉलोनी नगर के मध्य स्थित नगर की पुरानी कॉलोनियों में से एक है .फॉरेस्ट कॉलोनी के कुछ घरों में पेयजल आपूर्ति की समस्या है, जिसे जल्द ही दूर कर दिया जाएगा. मुक्ति धाम मार्ग पर पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है. कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क का समुचित निर्माण कराया जाएगा. फिलहाल बारिश के कारण मार्ग पर कीचड़ हो गया है.

इंजि. जितेंद्र
विजयवर्गीयनगर पालिका, राजगढ़

पुल से पहली बार ऊपर बही गाड़गंगा नदी

खिलचीपुर 22 जुलाई, सं. लगातार हुई बारिश से गाड़गंगा नदी में जलस्तर बडने लगा जिससे नदी पुल के उपर आ गई. हालात को देखते हुए पुलिस ने पुल के दोनों ओर बैरिकेड लगाकर आवाजाही पर रोक लगा दी. लेकिन कई लोगों जान जोखिम में डालकर पुल पार करते रहे. पुल पर तेज बहाव के बीच कुछ युवक बहते पानी में खड़े होकर मछलियां पकड़ते नजर आए. वहीं कई लोग पानी के तेज बहाव के बावजूद पैदल ही पुल पार करते रहे. मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें रोकने और समझाने की कोशिश की लेकिंन वह नहीं माने.

बारिश के कारण गाड़गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा था.जिससे पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया. ऐसे हालात में पुल पार करना बेहद खतरनाक माना जा रहा था.

थाना प्रभारी कमल गेहलोत ने लोगों से अपील की है कि नदी का जलस्तर सामान्य होने तक कोई भी व्यक्ति पुल पार करने या बहते पानी में उतरने की कोशिश न करे. उन्होंने कहा कि कुछ मिनट का इंतजार सुरक्षित है, लेकिन थोड़ी-सी लापरवाही जीवनभर का दर्द दे सकती है. साथ ही याद दिलाया कि हर वर्ष बारिश के मौसम में ऐसे जोखिम के कारण कई हादसे सामने आते हैं.

प्रशासन ने हटाया नगर में अवैध अतिक्रमण

मौके पर मौजूद रहे तहसीलदार सहित पुलिस बल

नवभारत न्यूज

सुठालिया 22 जुलाई, सं. बुधवार को नगर में व्यापक तौर पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नगर परिषद एवं प्रशासन द्वारा की गई.

इस दौरान तहसीलदार रामनिवास धाकड़ सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती थाना प्रभारी अनिल राहोरीया ने मौजूद रहकर अतिक्रमण विरोधी मुहीम चलाई. सुबह दस बजे मुहिम ब्यावरा रोड से शुरू हुए मंडी की दुकानों के आगे लगे टीन शेड व चबूतरे जेसीबी से हटाए गए वही तीन शेड के पाइप एंगल हटाने के लिए एक दिन का समय दिया गया. इसके बाद बस स्टेंड मेन मार्केट से भी तखत आदि हटाए गए मुहिम शुरू होने से पहले दुकानदारों ने भी स्वयं अतिक्रमण हटाया. उल्लेखनीय है की अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही बीते कुछ दिनों से तय थी नप द्वारा करीब ढाई सो दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए गए थे वही मंगलवार शाम को मुनादी कराकर लाइन डाल दी थी.

आज भी जारी रहेगी कार्यवाही

नगर में आज गुरुवार को भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रहेगी सीएमओ श्री चक्रवर्ती ने बताया की जिन दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने का आश्वाशन दिया है उनके नही हटाने के बाद नप द्वारा हटाया जाएगा. वहीं मधुसुदनगढ़ रोड शापिंग कांप्लेक्स के बाहर आदि से भी अवेध अतिक्रमण हटाया जाएगा वही फल सब्जी वालो को आगामी दिनों में पुराने अस्पताल परिसर में जगह दी जाएगी इसके लिए वहा के पुराने भवन को बीते दिनों ढहा दिया है मलबा हटकर साफ सफाई कराई जा रही है.

सब्जी मंडी बनी कूड़ादान, बदबू से बढ़ी परेशानी

टैक्स वसूली के बाद भी सफाई नहीं

नवभारत न्यूज

जीरापुर 22 जुलाई, सं. व्यापारियों , सैंकडों किसानों और हम्मालों की आजीविका चलाने वाली नगर की सब्जी मंडी जो जिले में अपना एक अलग मुकाम रखती है वह अव्यवस्थाओं एवं बदहाली के दौर से गुजर रही है. मंडी परिसर में सड़े-गले फल और सब्जियां खुले में फेंके जा रहे हैं, जो कूड़े के ढ़ेर के रूप में सड़कर बदबू मार रहे है. जिससे दुर्गंध के मारे आमजनता परेशान हो रही है.

गौरतलब है कि बारिश के दौर इस प्रकार की गदंगी होना कई बीमारियों को जन्म दे सकती है. दुर्गंध के मारे आम लोगों का वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो चला है. स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर में लंबे समय से साफ-सफाई नहीं हुई है. रोजाना कचरे के ढ़ेर ऐसा ही पड़ा रहता है. गौरतलब है कि जीरापुर सब्जी मंडी इस अंचल की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है.

यहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूर-दराज के किसान अपनी सब्जियां लेकर पहुंचते हैं. यही नहीं, यहां से थोक में सब्जी राजस्थान तक भेजी जाती है. जबकि कृषि उपज मंडी समिति द्वारा किसानों और व्यापारियों से नियमित रूप से मंडी टैक्स वसूला जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया जा रहा है. सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है.

लगभग एक माह से अधिक समय से मण्ड़ी परिसर में फल सब्जी की सड़न बदबू से मण्ड़ी परिसर के समीप वार्ड 14 के नजदीकी रहवासी भी परेशानी को झेलने को मजबूर हैं. इस संबंध में मंडी सचिव हरिप्रसाद वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, कल ही पूरे मंडी परिसर की सफाई करा दी जाएगी. आगे से गंदगी न हो इसके लिये सभी को निर्देशित किया जायेगा.

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर सख्ती

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 22 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग में प्रचलित कार्यों की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई. बैठक में लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों, स्वामित्व योजना तथा कृषि संगणना कार्य की समीक्षा की गई. इस दौरान अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. बैठक में लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर प्रदर्शित हो रहे सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा की गई.

सुठालिया, कुरावर तथा खिलचीपुर - जीरापुर अनुविभाग के लंबित प्रकरणों के संबंध में संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को प्रकरणों को फाइन करने के निर्देश दिए गए. कुरावर के दो प्रकरणों का निराकरण हो जाने के बावजूद पोर्टल पर प्रदर्शित होने पर उन्हें पुन: अपलोड कर पोर्टल से हटाने के निर्देश दिए गए.

आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज बंटवारा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई. नरसिंहगढ़, कुरावर, बोड़ा, जीरापुर, ब्यावरा, सुठालिया, सारंगपुर एवं पचोर तहसील के समय-सीमा से बाहर प्रदर्शित प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर प्रकरणों

निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

राजगढ़ 22 जुलाई, का. नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बुधवार को निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई. जिसमें नशे के दुष्परिणाम, युवाओं पर उसके दुष्प्रभाव तथा नशा-मुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर विचार प्रस्तुत किए. प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया.

पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में प्रवेश 26 तक

राजगढ़ 21 जुलाई, का. शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ में तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजी., केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में कुछ ही रिक्त सीटों के विरुद्ध 2 वर्षीय आई टी आई उत्तीर्ण या पीसीएम के साथ 12 वीं पास को प्रिवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है.

सावन मेले की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 22 जुलाई, सं. आगामी त्यौहार और सावन सोमवार मेले को लेकर मंगलवार शाम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु यातायात, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग स्थल एवं पार्किंग शुल्क, सुरक्षा व्यवस्था तथा मेले का संचालन रात्रि 11 बजे तक किए जाने का निर्णय लिया गया. इस दौरान प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की. बैठक में तहसीलदार अनाग्रिका कनोझिया, थाना प्रभारी गुंजा राजदार, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, दीपेंद्र दास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.बिगड़ी यातायात व्यवस्था का उठा मुद्दा- बैठक में शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया. नागरिकों ने शहर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या से अवगत कराया. इस पर थाना प्रभारी ने नगर पालिका के साथ समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया. साथ ही नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गइ.

इंकाइयों ने चंदा चोरी को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सुठालिया 22 जुलाई,सं. अयोध्या राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दी गई चंदा राशि में कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितता के मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य नपाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की.

ज्ञापन में बताया कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. यदि मंदिर के चंदे की राशि के संग्रहण, रखरखाव अथवा उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता या चोरी हुई है, तो यह केवल आर्थिक अपराध ही नहीं बल्कि धार्मिक भावनाओं से भी जुड़ा गंभीर विषय है. इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों की पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध किर्रवाई की जाए. इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन सिलावट, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहन लोधी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्याम पालीवाल,पार्षद दुल्लाशाह मालवीय गोकुल मोंगिया पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खान, जिला महासचिव सरदार सिंह सरावत,मंडलम अध्यक्ष राधेश्याम लोधी, महेश गुर्जर, रघुवीर सोंधिया, गोपाल लोधी, पूर्व पार्षद ओम सोनगिरा, अशफाक खान, छात्र नेता माही सोंधिया, समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

टीबी-एचआईवी एवं वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

राजगढ़ 22 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला अस्पताल राजगढ़ में मासिक टीबी-एचआईवी एवं वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रम समन्वय बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला टीबी अधिकारी डॉ. मनीष चौहान, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, सुश्री प्रियांशी जैन एवं श्रीमती स्वाती गुप्ता सहित जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

अनदेखी | बायपास रोड पर जगह-जगह उखड़ी जाली से वाहन चालक परेशान

सड़क पर टूटी पड़ी फेंसिंग, हादसों को दे रही आमंत्रण

सड़क पर निकले लोहे के एंगल बने खतरा

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 22 जुलाई, का. जिला मुख्यालय के बायपास मार्ग पर नाका नंबर-3 से खिलचीपुर नाका तक डिवाइडर के बीच लगाई गई लोहे की फेंसिंग बदहाल हो चुकी है.

कई स्थानों पर फेंसिंग उखड़कर सड़क पर फैल गई है, जबकि लोहे के एंगल बाहर निकल आए हैं. इससे न केवल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है, बल्कि डिवाइडर में लगाए गए पौधे भी मवेशियों की पहुंच में आ गए हैं और लगातार नुकसान झेल रहे हैं.दरअसल सड़क निर्माण के बाद फेंसिंग निर्माण के समय गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया. कई बार नागरिकों की मांग और जनप्रतिनिधियों के दबाव में संबंधित ठेकेदार ने बिना उचित ड्रॉइंग-डिजाइन और मानकों का पालन किए केवल लोहे के एंगल पर तार बांधकर फेंसिंग तैयार कर दी गई थी. इसका परिणाम यह है कि कुछ ही वर्षों में फेंसिंग जगह-जगह से टूटकर बिखरने लगी है.

मौजूदा स्थिति में कई स्थानों पर टूटी हुई जाली सड़क पर फैली हुई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के फंसने या संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है. यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है.बॉक्स हादसों को खुला आमंत्रणनगर के मध्य से गुजरने वाला बायपास रोड निर्माण के समय से ही संकरा है. इस मार्ग पर न तो सर्विस रोड की सुविधा है और न ही पर्याप्त शोल्डर उपलब्ध हैं. ऐसे में वाहन डिवाइडर के बेहद नजदीक से गुजरते हैं.

जगह-जगह सड़क की ओर निकले लोहे के एंगल और टूटी पड़ी फेंसिंग किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं. विकास, राम प्रसाद गुर्जर, राहुल, पप्पू आदि ने संबंधित विभाग से क्षतिग्रस्त फेंसिंग को तत्काल हटाकर नई और मजबूत फेंसिंग लगाने की मांग की है